## 5. अनुदान :—

खिलाडियों को जारी स्वीकृति का विवरण

| क.सं. | वर्ष | स्वीकृत | | भुगतान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | खिलाडी | स्वीकृत राशि | खिलाडी | राशि |
| 1 | 2020—21 | 427 | 74811311 | 389 | 69206245 |

खेल संस्थाओं को जारी स्वीकृति का विवरण

| क.सं. | वर्ष | स्वीकृत | | भुगतान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | संस्था | स्वीकृत राशि | संस्था | राशि |
| 1 | 2020—21 | 10 | 4300000 | 05 | 2200000 |

## 6. खेल गतिविधियां एवं कार्यक्रम :—

खेल परिषद राज्य में खेलकूद प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से, खेल प्रतिभाओं और खेलों को बढावा देने व होनहार खेल प्रतिभाओं को तराशने हेतु विभिन्न खेल गतिविधियों का संचालन करती है। इनमें से मुख्य गतिविधियां निम्नानुसार हैः—

- ❖ नियमित प्रशिक्षण
- ❖ केन्द्रीय आवासीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर
- ❖ केन्द्रीय जनजाति आवासीय प्रशिक्षण शिविर
- ❖ राज्य स्तरीय जनजाति प्रतियोगिता
- ❖ प्रतिभाखोज ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर
- ❖ गुरू वशिष्ठ पुरस्कार
- ❖ महाराणा प्रताप पुरस्कार
- ❖ राष्ट्रीय प्रतियोगिता एवं इससे पूर्व प्रशिक्षण शिविर

## 7. राजकीय नौकरियां, ईनामी राशि, दैनिक भत्ते, उपलब्धियां आदि :—

- राजस्थान में अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में सीधी नियुक्ति दिये जाने हेतु राजस्थान आउट ऑफ टर्न अपान्इटमेंट टू स्पोर्ट्स मेडल विनर्स नियम (संशोधन) 2020 लागू किया गया है। जिसके अंतर्गत विभिन्न विभागों में 29 खिलाड़ियों को नियुक्ति प्रदान की गई है।
- राज्य खेल 2020 का जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 2 से 6 जनवरी 2020 तक अभूतपूर्व आयोजन। जिसमें 18 खेलों में 8000 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसके पदक विजेताओं को दी जायेगी एक करोड पच्चीस लाख रूपये की ईनामी राशि।

- राज्य सरकार द्वारा 16 नेशनल ए कैटेगेरी खेलों में 140 खिलाड़ियों को मार्च 2019 तक दो करोड़ सतानवें लाख रूपये और राज्य पैरा–खिलाड़ियों को मार्च 2020 तक रूपये चार करोड़ इक्कीस लाख स्वीकृत किये है।
- ओलम्पिक और एशियाई/कॉमनवेल्थ गेम्स के पदक विजेता खिलाड़ियों को दी जाने वाली राशि में वृद्वि :–

| | पूर्व में दी जा रही राशि | | अब दी जाने वाली राशि |
|---|---|---|---|
| **ओलम्पिक खेल** | स्वर्ण पदक | पचहत्तर लाख रू. | तीन करोड़ रू. |
| | रजत पदक | पचास लाख रू. | दो करोड़ रू. |
| | कांस्य पदक | तीस लाख रू. | एक करोड़ रू. |
| **एशियाई खेल एवं कॉमनवेल्थ खेल** | स्वर्ण पदक | तीस लाख रू. | एक करोड़ रू. |
| | रजत पदक | बीस लाख रू. | साठ लाख रू. |
| | कांस्य पदक | दस लाख रू. | तीस लाख रू. |

- राज्य के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर मिलने वाले दैनिक भत्ते की दरों को बढ़ाकर क्रमशः 500 से 1 हजार रूपये एवं 300 से 600 रूपये किये।
- प्रदेश के तीन खिलाड़ियों सुश्री अपूर्वी चंदेला, श्री दिव्यांश सिंह पंवार व सुश्री भावना जाट ने 2020 टोक्यो ओलम्पिक के लिये जगह बनाई। वहीं प्रदेश के 6 पैरा खिलाड़ियों श्री सुंदर सिंह गुर्जर, श्री देवेन्द्र झांझड़िया, श्री संदीप सिंह मान, श्री कृष्णा नागर, सुश्री अवनी लेखरा तथा श्री श्याम सुंदर स्वामी ने 2020 टोक्यो पैरा–ओलम्पिक के लिये क्वालिफाई किया।
- गुवाहाटी (आसाम) में दिनांक 09–22 जनवरी, 2020 तक आयोजित हुए तीसरे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2020 में राजस्थान की ओर से 16 खेलों में 219 खिलाड़ियों ने भाग लिया एवं राजस्थान के खिलाड़ियों ने 15 स्वर्ण, 24 रजत, 12 कांस्य सहित कुल 51 पदक अर्जित करते हुए देश में 11वां स्थान हासिल किया।

## 8. खेल अकादमियां :–

राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद्, जयपुर द्वारा खेल विशेष के चयनित खिलाड़ियों को एक स्थान पर आवासित कर उनके खेलों में तकनीकी दीक्षा उपलब्ध करवाने हेतु अकादमियों का संचालन कर योजना को क्रियान्वित किया जा रहा है। जिसमें 10 खेलों में 17 अकादमियों का संचालन राज्य के 11 जिला मुख्यालयों पर किया जा रहा है।

| क्र. सं. | खेल अकादमी/छात्रावास | स्थान | स्थापना वर्ष | स्वीकृत खिलाडियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बालक फुटबाल अकादमी | जोधपुर | 2010 | 30 |
| 2 | बालिका हॉकी अकादमी | अजमेर | 2008 | 30 |
| 3 | बालक बास्केटबाल अकादमी | जैसलमेर | 2012 | 30 |

**सत्र 2020–21 में किये गये प्रमुख कार्य:–**

- **सड़क सुरक्षा अभियान–** महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य पर 13 जनवरी, 2019 को सड़क सुरक्षा अभियान रामबांग चौराहे, जयपुर पर आयोजत किया गया जिसमें भवानी निकेतन, जयपुर सैंट विलफ्रेड कॉलेज, जयपुर, सुबोध कॉलेज, जयपुर, लालबहादूर शास्त्री कॉलेज, जयपुर, राजस्थान कॉलेज, जयपुर, संस्कृत कॉलेज, जयपुर आदि महाविद्यालयों ने लगभग 300 युवाओं/एन.एस.एस. स्वयं सेवकों के साथ पोस्टर, पप्पलेट एवं नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता अभियान आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये तथा यातायात नियमों के प्रति युवाओं/आमजन को जागरूक करने का उल्लेखनीय कार्य किया गया गया।
- **गो ग्रीन हरियाला राजस्थान–** महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य पर 24 फरवरी, 2020 को गो ग्रीन हरियाला राजस्थान अभियान के तहत युवाओं द्वारा सवाई मानसिंह स्टेडियम में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को पर्यावरण के प्रति जागरूकता करने हेतु प्रेरित किया गया।
- **Fit India Freedam Run-** राजस्थान युवा बोर्डद्वारा समस्त जिलों में जिला युवा बोर्ड द्वारा Fit India Freedam Run कार्यक्रम के अन्तर्गत दौड, प्रभात फेरी आदि द्वारा आयोजित किया गया जिसमें राजस्थान सरकार द्वारा कोविड–19 के दिशा–निर्देशों की पालना करते हुए दिनांक 12.09.2020 को युवाओं एवं खिलाड़ियों के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- **नो मास्क–नो एन्ट्री–**कोविड–19 के होडिंग/पोस्टर आदि माध्यम से प्रचार– प्रसार के संबंध में राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद, नेहरू युवा केन्द्र संगठन, स्काउट व गाइड, एन.सी.सी., एन.एस.एस., युवा आवास, जयपुर के अधिकारियों के साथ समन्वयक कर अपने–अपने संस्थानो से जुडे युवाओं/स्वयं सेवकों को कोरोना के प्रति अधिक से अधिक जागरूक करें एवं युवाओं/स्वयं सेवकों के माध्यम से कोरोना के विरूद्ध राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान को जन आन्दोलन के रूप में जन–जन तक पहुचायें। कोरोना संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुए सावधानी बरतने एवं राज्य सरकार की गाईड लाईन के अनुसार कार्यालय में नो मास्क–नो एन्ट्री, हाथ सेनेटाइजर या साबुन से बार–बार हाथ धोए, निरन्तर मास्क लगाये, उचित दूरी बनाकर हेतु प्रेरित किया गया।
- **राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150 वीं जयन्तीवर्ष–**राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य पर 02 अक्टूम्बर, 2020कोसमस्त जिलों मेंजिला युवा बोर्ड के माध्यम से स्वच्छता रैली, प्लास्टिक मुक्त,नशामुक्ति कार्यक्रम, जगरूकता रैली, प्रभात फेरी, रक्तदान शिविर, प्लास्टिक फ्रि इण्डिया, संगोष्ठि, श्रमदान, मैराथन दौड़, धार्मिक स्थलों एवं महापुरूषों की मूर्तियों की सफाई, जल स्त्रतों की सफाई आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये।
- **राज्य युवा महो त्सव–**राजस्थान युवा बोर्ड (युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार) द्वारा राज्य युवा महोत्सव के सफल संचालन हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं **(गायन,नृत्य, क्षेत्रीय पोशाक आकर्षक प्रदर्शन, नाटक, दृश्य कला, अभिव्यक्ति कला, ज्ञान सत्र, एवं योगा)**में समाचार पत्रों के माध्यम से प्रचार–प्रसार कर राजस्थान युव बोर्ड की वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन/विडियों चाहे गये है। प्राप्त आवेदनों को चयन राज्य स्तर पर ख्याति प्राप्त निर्णायकगणों के द्वारा विडियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से देखकर चयन किया गया। चयनित युवा कलाकारों राज्य युवा महोत्सव 6–7

जनवरी, 2021 को कृषि प्रबन्धन केन्द्र, दुर्गापुरा, जयपुर में भाग लिया गया जिसके उद्घाटन समारोह दिनांक 06.01.2021 को श्री अशोक चाँदना, माननीय राज्य मंत्री महोदय, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा किया गया तथा समापन/पुरस्कार वितरण समारोह आज दिनांक 07.01.2021 को श्री दिनेश यादव, शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय युवा कलकारों को निम्नानुसार पुरस्कार वितरण किया गयाः–

| Genre | Event Name | Ist | IIst | IIIrd |
|---|---|---|---|---|
| **Dance** | Bharatanatyam | Juhi Phagiwala | - | - |
| | Kathak | Krishan Sharma | - | - |
| | | Sangeeta Sain | - | - |
| | Folk Dance – Group | Meenal Sahu (7 Person) | - | - |
| | Filmy Contemporary Dance-Solo | Reyan Yogi (Sanjay Suroliya) | Kamlesh | - |
| | | Aashish | | |
| **Theatre** | Group Play - Hindi /English | Unnati Pandey | Nisha Verma | - |
| | Street Play -Theme Social Message | Prashant Sharma | Unnati Pandey | Shivika Paliwal |
| **Games Indigenous** | Yoga | Manish Kothari | Ramesh Chandra Jani | Manish Birwa |
| **Music** | Classical Music - Instrumental – Solo | Chetan Nishad (Tabla) | Muzaffar Rehman (Tabla) | Kamal Kumawa (Pakhawaz) |
| | Classical Music - Vocal – Solo | Sourabh Vasistha | Nikita Goswami | - |
| | Folk Songs - Group Performance | Rahis Khan (7 Person) | Arun Rao (7 Person) | Km. Kiran (8 Person) |
| | Indian Music - Bands - Group - Count to be mentioned | Km. Kiran | - | - |
| **Regional Attire/ Poshak show** | Regional Attire/ Poshak Show Modern 2 (1 male + 1 Female) | Chetna kumawat | - | - |
| | Design – Traditional (Theme Based) 2 (1 male + 1 Female) | Varsha Meena | Komal kanwar amrawat | Vaishali |
| **Visual Arts** | Painting - Water | Dinesh Chandra | Raju Ram Kumawat | Baldev Sharma |
| | Sculpture making - Mud | Varshita Methwani | Mahesh Kumawat | - |
| | Sketching - Pencil | Aarti | - | - |
| | Photography - Environment | Mamta | Sourabh | Devendra |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Kumawat | Prajapat | Kumar Jangid |
| **Expression Art** | Creative Writing - Hindi / English - Topic Utsah Naye Bharat Ka | Vijaya Tripathi | Vikram Jangid | Pankaj Kumar Chauhan |
| | Poetry Writing & Narration of Poetry - Hindi / English | Pratishtha Pathik | Vijay Kumar | Suhani Jain |
| **Knowledge Session** | Elocution Competition - Youth & Aatmnirbhar – Era of Start Up | Kartikey Sharma | Anupriya | Zeba Bano |
| | Panel Discussions on International & New Age Indian Entrepreneurs | Anupriya | Kartikey Sharma | Zeba Bano |

- **24वाँ राष्ट्रीय युवा महोत्सव**–भारत सरकार, युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालयद्वारा 12–16 जनवरी, 2021 तक राष्ट्रीय युवा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है जिसमें राजस्थान का दल ने विभिन्न प्रतियोगिताओं **(गायन,नृत्य, क्षेत्रीय पोशाक आकर्षक प्रदर्शन, नाटक, दृश्य कला, अभिव्यक्ति कला, ज्ञान सत्र, एवं योगा)**में राज्य युवा महोत्सव आयोजित कर विजेता युवा कलाकारों का सहभागिता हेतु विडियों भिजवाये गये।
- **युवा दिवस**– युवाओं के प्रेरणादायक महान दार्शनिक ''स्वामी विवेकानन्द जी की 158वीं जयन्ति समारोह 12 जनवरी, 2020 को जिला युवा बोर्ड एवं राज्य में राजस्थान युवा बोर्ड द्वारा मनाया गया, जिसका उद्देश्य राज्य के युवाओं को स्वामी जी के सिद्धान्तों एवं आदर्शो से सर्वांगीण विकास के लिए एक राज्य स्तरीय समागम करना है, जो युवा पीढ़ी को सक्षम मंच प्रदान कर जाति, क्षेत्र, लिंग एवं धर्म आदि के भेदभाव से ऊपर उठकर नैतिक मूल्य स्थापित करने को प्रेरित करना है।

**''राज्य के युवा वर्ग को सशक्त एवं सक्षम कर उनका सर्वांगीण विकास करना ही राजस्थान युवा बोर्ड का मुख्य उद्देश्य है।''**